42. वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(a) यह एक गंतव्य आधारित प्रत्यक्ष कर है।

(b) GST के अंतर्गत ताजा दूध और अंडे पर कोई भी कर लागू नहीं होता है।

(c) GST के तहत कंपोजिशन स्कीम का विकल्प चुनने वाले व्यक्तियों द्वारा अंतर्राज्यीय आपूर्तिकर्ताओं से वस्तु खरीदने पर प्रतिबंध है।

(d) इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ गैर-व्यावसायिक (व्यक्तिगत) उद्देश्यों के लिए उठाया जा सकता है।

43. रूस-यूक्रेन संघर्ष ने वैश्विक वस्तु आपूर्ति श्रृंखला में अवरोध उत्पन्न कर दिया है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत के विदेशी व्यापार पर प्रभाव हो सकता है/सकते हैं?

1. आयातित सूरजमुखी तेल की कीमतों में गिरावट।
2. अर्ध-चालक चिपों की आयातित कीमतों में वृद्धि।
3. चीनी के निर्यात में वृद्धि।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2

(d) 1, 2 और 3

44. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. किसी भी निवेशक द्वारा किया गया पोर्टफोलियो निवेश किसी भारतीय कंपनी की इक्विटी के 10% से अधिक नहीं हो सकता है।
2. अनिवासी भारतीयों (NRIs) को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक के दायरे में शामिल किया गया है।
3. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने की अनुमति दी गयी है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3

(d) केवल 1 और 3

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

कथन 1: क्रय शक्ति समता (PPP) पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के संदर्भ में, संयुक्त राज्य अमेरिका का स्थान भारत से ऊपर है।

कथन 2: संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में अधिक है।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(a) कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं और कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या है।

(b) कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं किंतु कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन 1 सही है किंतु कथन 2 सही नहीं है।

(d) कथन 1 सही नहीं है किंतु कथन 2 सही है।